रजिस्टर्ड नं० HP/13/SML/2004



राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

(असाधारण)

हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

शिमला, शनिवार, 25 सितम्बर, 2004/3 आश्विन, 1926

हिमाचल प्रदेश सरकार

हिमाचल प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग, शिमला

अधिसूचना

शिमला–171002, 16 सितम्बर, 2004

संख्या: एच० पी० इ० आर० सी०/सचिव/जे० एस० आर०/705/2004.—निम्नलिखित प्रारूप विनियम जिन्हें हिमाचल प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग विद्युत अधिनियम, 2003 (2003 का 36) की धारा 181 की उप-धारा (2) खण्ड (यऋ) तथा (यट) द्वारा प्रदत्त शक्तियों तथा इस निमित सशक्त करने वाली अन्य सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य सरकार के अनुमोदन से बनाने का प्रस्ताव करता है, एतद्द्वारा, उक्त अधिनियम की धारा 181 की उप-धारा (3) द्वारा यथोपेक्षित के अनुसार उनसे आम प्रभावित होने वाले व्यक्तियों की सूचना के लिए प्रकाशित किए जाते हैं, और एतद्द्वारा यह नोटिस (सूचना) दिया जाता है कि उक्त प्रारूप विनियमों पर, इनके राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में, प्रकाशन की तारीख से तीस (30) दिन के अवसान पर, किसी भी आक्षेप या सुझाव सहित, जो इस बाबत उक्त अवधि के भीतर प्राप्त हुआ हो/हुए हों, पर विचार किया जाएगा ।

1975-राजपत्र/2004-25-9-2004—1,436. (1911) मूल्य : 1 रुपया ।

इस निमित आक्षेप या सुझाव सचिव, हिमाचल प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग, क्योंथल कमर्शियल काम्पलैक्स, खलिनी, शिमला–171002 को सम्बोधित किए जाने चाहिए।

प्रारूप विनियम

भाग-1 प्रारम्भिक

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ**.—(1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग (अधिकारियों और कर्मचारियों के सेवा निबन्धन और शर्तें) विनियम, 2004 है।

(2) ये विनियम राजपत्र, हिमाचल प्रदेश, में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगें।

2. **परिभाषाएं**:—इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो :–

(1) "अधिनियम" से विद्युत अधिनियम, 2003(2003 का 36) अभिप्रेत है ;

(2) "नियुक्ति प्राधिकारी" से :–

(क) अनुसूचि–1 के भाग–1 में वर्णित पदों के बारे में, अध्यक्ष तथा

(ख) अनुसूचि–1 के भाग–2 में वर्णित पदों के बारे में, सचिव अभिप्रेत है ;

(3) "संविदात्मक नियुक्ति" से वह नियुक्ति अभिप्रेत है जो नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा इन विनियमों के उपबन्धों के अनुसार सीमित कालावधि के लिये संविदात्मक आधार पर की गई हो ;

(4) "स्थायी आमेलित नियुक्ति" का अभिप्राय: तथा उसके अन्तर्गत इन विनियमों के उपबन्धों के अनुसार किसी अधिकारी या कर्मचारी जिसने अपने मूल संगठन में पद त्याग दिया हो, की नियुक्ति से है ;

(5) "केन्द्रीय सरकार" से भारत सरकार अभिप्रेत है ;

(6) "अध्यक्ष" से आयोग का अध्यक्ष अभिप्रेत है ;

(7) "आयोग" से हिमाचल प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग अभिप्रेत है ;

(8) "सीधी भर्ती" से ऐसी नियुक्ति अभिप्रेत है, जो सेवा से/में से पदोन्नति, या राज्य अथवा केन्द्रीय सरकार, अथवा केन्द्रीय तथा राज्य सरकार के अधीन किसी निगम, बोर्ड या किसी अन्य स्थानीय प्राधिकरण से प्रतिनियुक्ति या स्थायी आमेलित नियुक्ति या संविदात्मक आधार से अन्यथा, चयन द्वारा की गई हो ;

(9) "अनुशासनिक प्राधिकारी" से ऐसा प्राधिकारी अभिप्रेत है जो अनुसूचि–3 में विनिर्दिष्ट आयोग के अधिकारियों तथा अन्य कर्मचारियों पर शास्ति अधिरोपित करने में सक्षम हो ;

(10) "राज्य सरकार" से हिमाचल प्रदेश सरकार अभिप्रेत है ;

(11) "सरकारी सेवा" से ऐसी सेवा अभिप्रेत है, और इसके अन्तर्गत वह सेवा भी है, जो राज्य/केन्द्रीय सरकार, राज्य तथा केन्द्रीय पब्लिक सैक्टर उपक्रम, कानूनी निगम/बोर्ड स्वायत निकाय हैं, के अधीन की गई हो ;

(12) "सदस्य" से आयोग का सदस्य अभिप्रेत है ;

(13) "मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/शैक्षणिक बोर्ड" से ऐसा विश्वविद्यालय/बोर्ड अभिप्रेत है जो भारत में विधि द्वारा निर्मित तथा केन्द्रीय या राज्य सरकार द्वारा नियुक्ति मान्यता प्रदान करने के लिये सक्षम प्राधिकारी से मान्यता प्राप्त हो ;

(14) "अनुसूची" से इन विनियमों से संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है ;

(15) "सचिव" से आयोग का सचिव अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत उसकी अनुपस्थिति में सचिव के कर्तव्यों तथा कृत्यों के निर्वहन के लिये आयोग द्वारा सीमित कालावधि के लिये प्राधिकृत आयोग का अन्य अधिकारी भी है ;

(16) "चयन समिति" से ऐसी समिति अभिप्रेत है, जो इन विनियमों के उपबन्धों के अनुसार नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा आयोग में पदों को भरने के लिए सिफारिश करने हेतु बनाई जाए ;

(17) "राज्य विद्युत बोर्ड" से विद्युत अधिनियम, 2003 (2003 का 36) के प्रारम्भ से पूर्व, विद्युत (प्रदाय) अधिनियम, (1948 का 54) की धारा 5 की उप-धारा (1) के अधीन हिमाचल प्रदेश राज्य के लिए गठित राज्य विद्युत बोर्ड अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत उसका हित उत्तराधिकारी भी शामिल है ; तथा

(18) जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो, उन सभी शब्दों और पदों के, जो इन विनियमों में प्रयुक्त हैं, किन्तु यहां परिभाषित नहीं हैं, वही अर्थ होंगे जो कि उन्हें अधिनियम अथवा राज्य सरकार द्वारा अपने अधिकारियों/कर्मचारियों के अंगीकृत या लागू किये गए मूल और अनुपूरक नियमों (Fundamental & Supplementary Rules) में क्रमशः नियत किये गये हैं ।

भाग-2

पदों के प्रवर्ग तथा भर्ती की रीति

3. पदों के प्रवर्ग.—(1) आयोग के अधिकारियों और कर्मचारिवों के प्रवर्ग, उन्हें संदेय वेतनमान तथा उनकी स्वीकृत संख्या वही होगी जैसे अनुसूचि–1 में दर्शित है । आयोग के स्टाफ को देय वेतनमानों तथा भत्तों के विषय में आयोग हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा समय-समय पर, तत्समान पदों के लिए नियत वेतनमान तथा भत्ते अपनाएगा ।

(2) अनुसूची–1 के भाग–1 में दर्शित पद अधिकारी प्रवर्ग के और उक्त अनुसूची के भाग-2 में दर्शित अन्य पद कर्मचारी प्रवर्ग के होगें ।

(3) सरकार के अनुमोदन से, आयोग को समय-समय पर पदों के प्रवर्ग की वृद्धि करने, निकालने और उपान्तरण करने की शक्ति होगी ।

(4) आयोग स्वविवेकानुसार, किसी पद का वेतनमान बदले बिना किसी पद को उसके कृत्य अपेक्षाएं उपदर्शित करने हेतु पुनः पदनामित कर सकेगा । आयोग ऐसे पुनः पदनामित पद नाम को उपांतरित कर सकेगा ।

4. नियुक्ति के लिए पात्रता.—यदि कोई व्यक्ति भारत का नागरिक नहीं है तो उसे आयोग की सेवा में नियुक्त नहीं किया जाएगा ।

5. भर्ती की अर्हताएं तथा रीति.—(1) आयोग में पदों के लिये शैक्षणिक अर्हताएं, अनुभव अन्य शर्तें तथा भर्ती की रीति वही होगी जैसे कि अनुसूची–2 में विहित किया गया है । आयोग द्वारा स्टाफ की नियुक्ति :—

(क) स्थायी अमेलित नियुक्ति द्वारा , या

(ख) प्रतिनियुक्ति द्वारा, या

(ग) संविदात्मक आधार पर, या

(घ) सीधी भर्ती द्वारा की जायेगी ।

(2) आयोग को किसी विशेष रिक्ति के लिये या रिक्तियों के वर्ग के लिये या सभी रिक्तियों के लिये भर्ती प्रक्रिया अवधारण करने की शक्ति होगी ।

(3) आयोग के सन्तोषप्रद कार्य संचालन हेतु कुछ आवश्यक सेवाओं की पहचान करने तथा उन्हें सेवा व्यवस्थकों द्वारा प्रतियोगी दर पर कराने का अध्यक्ष को विवेकाधिकार होगा । इन सेवाओं में कार्यालय सुरक्षा तक सीमित न रहते हुये, कार्यालय में धूल झाड़ना व सफाई करना, संदेशवाहक, स्वागतकर्ता तथा अन्य विशिष्ट सेवाएं जिनके लिये आयोग के लिये स्वीकृत पदों का प्रावधान नहीं है, भी शामिल होंगी।

6. **स्थायी आमेलित नियुक्ति.**---(1) स्थायी आमेलित नियुक्ति द्वारा भरी जाने वाले पद के लिये पात्रता मानदण्ड अनुसूचि-2 में दिए गए ब्यौरे के अनुसार होगा :

परन्तु अध्यक्ष को कारणों को लेखबद्ध करके ऐसी पात्रता शर्तों के शिथलीकरण का विवेकाधिकार होगा।

(2) ऐसे व्यक्ति को जिसे केन्द्र/राज्य सरकार, या केन्द्र या राज्य सरकार के अधीन पब्लिक सैक्टर उपक्रम या अन्य स्वशासी निकाय से स्थायी आमेलित नियुक्ति से तैनात किया गया है को विकल्प होगा कि वह या तो मूल संगठन में की गई सेवा को आयोग में पैन्शन के लिये जोड़े या वह केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार मूल संगठन में की गई सेवा के लिये अनुपातः सेवानिवृत्ति प्रसुविधाएं प्राप्त करे।

(3) यदि लोक हित में आयोग में किसी पद पर तुरन्त स्थायी आमेलित आधार पर नियुक्ति की जाती है, तो नियुक्त व्यक्ति आयोग से बातचीत से पारिश्रमिक तय करने में स्वतन्त्र होगा :

परन्तु यह कि यहां नियुक्त व्यक्ति सेवानिवृत्त है या उसने सेवानिवृत्ति ले रखी है तो वह आयोग से बातचीत से' पैन्शन राशि के अतिरिक्त अपना पारिश्रमिक तय कर सकेगा।

(4) स्टाफ जो स्थायी आमेलित नियुक्ति के आधार पर पद ग्रहण करता है, सामान्यतः साधारण भविष्य निधि में अभिदाय करने के लिये पात्र होगा। तथापि ऐसे मामलों में जब आयोग के अधीन सेवा 10 वर्ष से कम है वह अभिदायी भविष्य-निधि में अभिदाय करने के लिये पात्र होगा और उस दशा में नियोजक अभिदाय आयोग देगा ।

(5) स्थायी आमेलित नियुक्ति के निबन्धन तथा शर्तें उन से कम अनुकूल नहीं होगी जो अमेलित न होने की दशा में होती ।

(6) यदि स्थायी अमेलित नियुक्त व्यक्ति अपने मूल विभाग/संगठन द्वारा दिये गए निवास स्थान का अधिभोगी है और उसे आयोग में अपनी नियुक्ति के कारण उक्त स्थान को खाली करना पड़ रहा है, तो आयोग उसके लिए उपयुक्त निवास स्थान किराये पर लेकर ऐसे व्यक्ति को प्रतिकृत करेगा ।

(7) स्थायी आमेलित नियुक्त व्यक्ति की अधिवर्षिता की आयु 60 वर्ष होगी ।

(8) इस विनियम में इस से पूर्व उपबंधित के सिवाय, अन्य निबन्धन व शर्तें वहीं होंगी जो कि स्थायी आमेलित नियुक्तियों को विनियमित करने के लिये समय-समय पर राज्य सरकार द्वारा विहित की जाएं ।

7. **प्रतिनियुक्ति.**---(1) अधिकारियों तथा कर्मचारियों के पदों की रिक्तियां, सरकारी विभाग या केन्द्र या राज्य सरकार के अधीन पब्लिक सैक्टर उपक्रम या अन्य स्वशासी निकाय से प्रतिनियुक्ति पर भी भरी जा सकेगी। आयोग, समय-समय पर प्रतिनियुक्ति से भरी जाने वाली रिक्तियां तथा प्रतिनियुक्ति की कालावधि अवधारित करेगा।

(2) सभी सेवा प्रसुविधाओं के प्रयोजन के लिये हिमाचल प्रदेश सरकार या केन्द्रीय सरकार या केन्द्र सरकार/राज्य सरकार के अधीन किसी पब्लिक सैक्टर उपक्रम और अन्य स्वशासी निकाय से आयोग में प्रतिनियुक्ति पर तैनात किए गए व्यक्तियों का पूर्व सेवाकाल चलत सेवा माना जाएगा।

(3) केन्द्र सरकार, या यथास्थिति राज्य सरकार, द्वारा विहित मानक निबन्धन व शर्तें वेतन नियतन विनियमित करेगी ।

(4) आयोग में प्रतिनियुक्ति पर सेवा ग्रहण करने वाला व्यक्ति अपने पद ग्रहण की तारीख को मूल निबन्धनों व शर्तों के अनुसार बकाया उधारों, अग्रिमों तथा अन्य राशियों का प्रतिसंदाय करने के लिये या अन्यथा सरकार से, या पब्लिक सैक्टर उपक्रमों से या स्वशासी निकाय से की गई वचनबद्ध बाध्यताओं को पूरा करने के लिये, आयोग, या यथा-स्थिति नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी से करार किया गया समझा जायेगा ।

(5) स्टाफ जो प्रतिनियुक्ति पर पद ग्रहण करता है, अपने उस भविष्य निधि में जिसके वह मूल विभाग में अभिदाता है, अभिदाय करने के लिये पात्र होगा। यदि प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अभिदायी भविष्य निधि का अभिदाता है तो उस दशा में प्रत्येक मामले में जैसे लागू हो नियोजक अभिदाय आयोग देगा।

(6) आयोग, उन व्यक्तियों जो आयोग में प्रतिनियुक्ति पर सेवा ग्रहण करते हैं के सम्बन्ध में, अनुपातत: छुट्टी वेतन और पेंशन अभिदाय का संदाय करेगा।

(7) वह व्यक्ति जो आयोग में प्रतिनियुक्ति पर सेवा ग्रहण करता है, जब तक कि आयोग साधारण अथवा विशेष निर्देश द्वारा अन्यथा निदेशित नहीं करता है, इन विनियमों के विनियम 3 के उप-नियम (1) के अध्यधीन उपबन्धित वेतन तथा भत्ते लेगा या उसे विकल्प होगा कि वह अपना वेतन व भत्ते उसी वेतनमान में ले जिसमें वह अपने मूल विभाग/संगठन में अपना वेतन व भत्ते लेता और उस दशा में जब नियुक्ति स्थान वही है तो मूल वेतन की 5 प्रतिशत तथा जब नियुक्ति भिन्न स्थान से की जाती है तो मूल वेतन की 10 प्रतिशत की दर पर प्रतिनियुक्ति भत्ता प्राप्त करेगा।

(8) यह होते हुए भी कि किसी ने आयोग में अपनी प्रतिनियुक्ति अवधि पूरी नहीं की है, अध्यक्ष को, यह अवधारित करने पर कि उक्त व्यक्ति की सेवाएं अब आयोग में वांछित नहीं है, किसी भी प्रतिनियुक्त व्यक्ति को मूल विभाग में प्रत्यावास्ति मन्जूर करने का विवेकाधिकार होगा।

8. **संविदात्मक नियुक्ति.**—(1) अनुभवी व अर्हता प्राप्त अभ्यर्थी अभिप्राप्त करने हेतु, अधिकारियों और कर्मचारियों के रिक्त पद उचित व्यक्तियों की संविदात्मक नियुक्ति से भी भरे जा सकेंगे।

(2) संविदात्मक सीधी भर्ती की दशा में, प्रत्येक मामले में समेकित वेतन पैकेज निश्चित किया जायेगा और वह संविदा की अवधि के दौरान निश्चित रहेगा।

(3) जब किसी संविदा का विस्तार या नवीकरण का निश्चय किया जाता है, तो आयोग अपने विवेकानुसार पारिश्रमिक पुनरीक्षित कर सकेगा।

(4) संविदात्मक नियुक्त व्यक्ति की सेवाएं, अच्छा और पर्याप्त कारण अभिलिखित करके, एक महीने की सूचना देने या इसके बदले में वेतन पैकेज की अदायगी करके समाप्त की जा सकेंगी।

(5) आयोग में अधिवर्षिता सेवा निवृत्त केवल संविदात्मक नियुक्ति के पात्र होंगे और संविदात्मक नियुक्त व्यक्ति 70 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने के पश्चात् सेवारत नहीं रहेगा।

9. **चयन समिति.**—(1) सचिव के पद के सिवाये विभिन्न पदों पर नियुक्तियां चाहे वे नियमित आधार पर या प्रतिनियुक्ति पर या संविदात्मक आधार पर की जानी हों, चयन समिति की सिफारिश से की जाएंगी।

(2) चयन समिति का निम्न गठन होगा :—

(क) अधिकारियों के पदों के लिए :—

(1) आयोग के अध्यक्ष (पीठासीन);
(2) अध्यक्ष द्वारा नामित आयोग का एक सदस्य;
(3) अध्यक्ष द्वारा नामित कार्यपालक निदेशक ;
(4) सचिव (सदस्य सचिव)।

(ख) कर्मचारियों के पदों के लिए :—

(1) अध्यक्ष या अध्यक्ष द्वारा नामित सदस्य (पीठासीन) ;
(2) सम्बन्धित प्रभाग प्रमुख ;
(3) सचिव (सदस्य सचिव)।

(3) जब तक कि आयोग एक सदस्यीय आयोग रहता है तब तक इस विनियम के उप-विनियम (2) के खण्ड (क) के पैरा (2) के उपबन्धों को लागू नहीं किया जायेगा।

(4) चयन समिति अपनी सहायता के लिए एक या दो विशेषज्ञों को सहयोजित कर सकेगी।

(5) चयन समिति स्वविवेकानुसार समय-समय पर, अध्यक्ष के परामर्श से विभिन्न पदों के लिये अभ्यर्थियों के चयन प्रक्रिया बनाएगी।

10. **नियुक्ति प्रतिक्रिया**.—(1) आयोग सीधी भर्ती द्वारा या संविदात्मक आधार पर भरी जाने वाली रिक्तियों को दो अग्रग दैनिक समाचारपत्रों में विज्ञापित करेगा। ऐसी रिक्तियां, जहां कहीं अपेक्षित हो, रोजगार कार्यालय को भी अधिसूचित की जाएंगी। प्रतिनियुक्ति द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियां, भावी अभ्यर्थियों को, अपनी अपनी विशिष्टियों सहित, आवेदन, देने के लिए कम से कम 8 (आठ) सप्ताह का समय देते हुए, नौकरी की अपेक्षाओं, वांछित शैक्षणिक एवं व्यवसायिक अर्हताओं, वेतन संरचना इत्यादि के पूर्ण ब्यौरे सहित, सरकारी विभागों, पब्लिक सैक्टर उपक्रमों तथा अन्य स्वशासी निकायों में परिचालित की जाएगी। तथापि विवशनीय परिस्थितियों में, कारण अभिलिखित करके, ये अवधि घटा कर 6 (छ) सप्ताह तक की जा सकेगी।

(2) ऐसे विज्ञापन/परिपत्र के साथ आवेदन देने की अन्तिम तारीख तथा उन स्थानों का ब्यौरा, जहां पर चरित्र/आयु/अधिवास/शैक्षणिक अर्हताओं के वांछित प्रमाण-पत्र पेश करने हैं तथा नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा यथाविहित आवेदन रूपविधान भी अधिसूचित/परिचालित किया जाएगा।

(3) पदों पर नियमित आधार पर नियुक्ति के लिए ऊपरी आयु सीमा 45 वर्ष होगी। अनुसूचित जातियों, जन जातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों से सम्बन्धित अभ्यर्थियों के लिये ऊपरी आयु सीमा में पांच वर्ष तक की छूट दी जाएगी। संविदात्मक आधार पर नियुक्तियों के लिये ऊपरी आयु सीमा लागू नहीं होगी। आयु सीमा के अवधारण हेतु निर्णायक तारीख अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तारीख होगी (और न कि असम, मेघालय, सिक्किम जम्मू एवं कश्मीर राज्य के लद्दाख मण्डल, हिमाचल प्रदेश किन्नौर और लाहौल व स्पिति ज़िलों तथा चम्बा जिले के पांगी उप-मण्डल, अण्डेमान एवं निक्कोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों से आवेदनपत्र प्राप्ति के लिये विहित अन्तिम तारीख)। विद्यमान अनुदेशों के अनुसार विभागीय अभ्यर्थियों को ऊपरी आयु सीमा में यथोचित छूट दी जा सकेगी।

(4) राज्य सरकार की नीति अनुसार विनिर्दिष्ट प्रवर्गों के लिए रिक्तियां आरक्षित की जायेंगी।

(5) विहित अवधि के भीतर प्राप्त आवेदन चयन समिति के आगे रखे जाएंगे। प्रारम्भिक समीक्षा के दौरान व्यष्टिक अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र के विभिन्न स्तम्भों में दिए गए ब्यौरे को सारणीबद्ध रूप में उपदर्शित किया जाएगा और अभ्यर्थियों द्वारा अपने आवेदन पत्रों के साथ संलग्न शंसापत्रों व प्रमाण-पत्रों का ब्यौरा, यह दर्शाते हुए कि अभ्यर्थी पात्रता मानदण्ड की पूर्ति करता है/या नहीं करता है, का भी उल्लेख किया जाएगा।

(6) उक्त सूचना के आधार पर, चयन समिति 7 दिन की कालावधि के भीतर, चयन प्रक्रिया की आगामी कार्रवाई विनिश्चित करेगा। यह उन अभ्यर्थियों को, जो लगते हैं कि नौकरी की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं, वैयक्तिक साक्षात्कार/परीक्षा के लिए बुला सकेगी, या कारण अभिलिखित करके आवेदन पत्रों के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर उनका चयन कर सकेगी।

(7) चयन समिति, अपेक्षित अर्हता प्राप्त अभ्यर्थी न मिलने की दशा में, या तो नए सिरे से आवेदन लेने का निश्चय कर सकती है या नियुक्ति प्राधिकारी को निर्विवाद सुपात्र मामलों में प्रत्याशित नियुक्ति प्रस्ताव भेजने के लिए वेतन संरचना में समुचित कटौती के साथ पात्रता शर्तों में उपान्तरण की सिफारिश कर सकती है। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् नियुक्ति प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा और चयन समिति द्वारा बनाई गई चयन सूचि (मैरिट लिस्ट) विनिर्दिष्ट तारीख को आयोग के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी। पैनल पर रखने के लिए चयन समिति उन अभ्यर्थियों की योग्यता के आधार पर सूची भी बनाएगा,

जिन्हें उस स्थिति में जब कभी युक्तियुक्त समय के भीतर सफल अभ्यर्थी नियुक्ति प्रस्ताव स्वीकार नहीं करता है, नियुक्ति प्रस्ताव भेजा जा सके ।

(8) सामान्यत : पैनलित अभ्यर्थियों की संख्या 3 (तीन) से अधिक नहीं होगी और पैनेल चयन के परिणाम की घोषणा की तारीख से 6 (छ) मास के पश्चात् प्रभावी नहीं रहेगा ।

(9) उचित अभ्यर्थियों के न मिलने की दशा में यदि चयन प्रक्रिया पुन: प्रवर्तित की जाती है, तो ऊपर्रा सूचीबद्ध समस्त प्रक्रिया का फिर से अनुसरण किया जाएगा ।

11. **नियुक्तिपर्यन्त औपचारिकताएं**—(1) सफल अभ्यर्थियों को उनकी नियुक्ति के बारे में रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा सूचित किया जाएगा तथा उन्हें पद ग्रहण करने के लिए 2 (दो) सप्ताह का समय दिया जाएगा और उस दशा में यदि वे नियत समय में पद ग्रहण करने में असफल रहते हैं, तो नियुक्ति प्रस्ताव रद्द हो जाएगा । किन्तु उचित मामलों में नियुक्ति प्राधिकारी कारणों को अभिलिखित करके, इस शर्त का शिथिलीकरण करते हुए युक्तियुक्त कालावधि नियत कर सकेगा ।

(2) सीधी भर्ती के अभ्यर्थियों से, उनके चयन के पश्चात् उनके पद ग्रहण के 2 (दो) सप्ताह के भीतर, चिकित्सीय बोर्ड, जिसे राज्य सरकार ने ऐसा करने के लिये अधिसूचित किया हुआ हो, से चिकित्सीय परीक्षण की अपेक्षा की जाएगी । चिकित्सीय परीक्षण में असफलता उनके नियुक्ति प्रस्ताव को रद्द करने का कारण हो सकेगी । राज्य के किसी राजकीय चिकित्सालय के वरिष्ठ विशेषज्ञ से परामर्श के पश्चात् तथा यह तुष्टि होने पर कि चिकित्सीय स्थिति या निःशक्तता का स्वरूप ऐसा है जिस से नियुक्त व्यक्ति को आयोग द्वारा सौंपे गये कर्त्तव्यों के सामान्यत: निर्वहन बाधित नहीं होता है, अध्यक्ष को इस शर्त का शिथलीकरण करने का विवेकाधिकार होगा ।

(3) नियुक्ति प्रस्ताव के अनुसरण में नियुक्ति पत्र केवल चयनित अभ्यर्थी द्वारा विद्युत आयोग में सक्षम अधिकारी को शैक्षणिक/अनुभव/अधिवास तथा जाति के विभिन्न प्रमाणपत्रों की असली प्रतियां प्रस्तुत करने पर ही भेजा जाएगा । नियुक्ति प्रस्ताव के जारी होने की तारीख से दो सप्ताह के भीतर ऐसे प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की असफलता नियुक्ति प्रस्ताव को रद्द करने का कारण बनेगी ।

(4) नियुक्तियों के रद्द करने के ऐसे मामलों में, अगले पैनलित अभ्यर्थी को नियुक्ति प्रस्ताव उसी रीति, जिसमें मूल चयनित अभ्यर्थी को भेजा गया था, से भेजा जाएगा ।

(5) सीधी भर्ती की दशा में, आयोग उस रीति से, जैसे वह ठीक समझे, नियुक्त व्यक्तियों के चरित्र व पूर्ववृत सत्यापित करवाएगा और उस दशा में जब उक्त सत्यापन मे यह निष्कर्षित होता है कि नियुक्त व्यक्ति आयोग की सेवा में रखने योग्य नहीं है तो उसकी नियुक्ति तत्काल रद्द की जाएगी । इसके लिए नियुक्त व्यक्ति किसी भी प्रतिकर या आर्थिक अर्थलाभ का हकदार नहीं होगा । उन अभ्यर्थियों की दशा में जो आयोग में पद ग्रहण करने से पहले ही केन्द्रीय व राज्य सरकार की सेवा में या किसी संगठन पब्लिक सैक्टर उपक्रम या किसी सरकारी संगठन की सेवा में हैं, सत्यापन आवश्यक नहीं होगा ।

12. **परिवीक्षा**— (1) सभी सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त व्यक्ति उनके पद ग्रहण करने की तारीख से 2 (दो) वर्ष की कालावधि के लिये परिवीक्षा पर होगें :

परन्तु परिवीक्षा अवधि में अर्जित छुट्टी या असाधारण छुट्टी या चिकित्सा छुट्टी की अवधि या अनाधिकृत अनुपस्थिति की अवधि शामिल नहीं होगी ।

(2) यदि परिवीक्षा अवधि के दौरान नियुक्त व्यक्ति का काम आयोग को संतोषप्रद नहीं लगता है, तो परिवीक्षा अवधि में विस्तार, जो एक वर्ष से अधिक न हो, किया जा सकेगा या आयोग द्वारा एक महीने का वेतन संदाय कर के नियुक्त व्यक्ति की सेवाएं तत्काल समाप्त कर दी जा सकेंगी ।

(3) सामान्यतः परिवीक्षा अवधि विस्तारण का विनिश्चय, पिछली परिवीक्षा अवधि की समाप्ति से 6 (छ) सप्ताह के भीतर लिया जायेगा और सम्बन्धित अधिकारी को कारण दर्शाते हुए लिखित रूप में संसूचित किया जाएगा ।

13. **अनुशासनिक/अपील प्राधिकारी.**—आयोग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के सम्बन्ध में, अनुसूची-3 में यथाविहित, अनुशासनिक अपील तथा पुनर्विलोकन प्राधिकारी होंगे ।

भाग–III विविध

14. **अन्य सेवा शर्तें**—आयोग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की अन्य सेवा शर्तों को, जिनके लिये इन विनियमों में कोई अभिव्यक्त उपबन्ध नहीं है या अपर्याप्त उपबन्ध है, ऐसे नियम तथा आदेश जो राज्य सरकार, समय-समय पर, राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिये बनाये या लागू करें, लागू होंगे ।

15. **भत्ते तथा अन्य सुविधाएं**—(1) ऐसे मापमान पर तथा ऐसे निबन्धनों के अध्यधीन, जो राज्य विहित करे समय-समय पर अपने कर्मचारियों को लाग करे, आयोग के अधिकारी तथा कर्मचारी:—

(क) महंगाई भत्ता, नगर प्रतिकारात्मक भत्ता, राजधानी भत्ता, वाहन भत्ता, सचिवालय विशेष भत्ता, विद्युत तथा मकान भत्ता लेने ;

(ख) गृह यात्रा/अवकाश यात्रा रियायत, समाचार पत्र और पत्रिका सुविधा प्राप्त करने ;

(ग) चिकित्सीय व्यय तथा आवासीय टेलिफोन की प्रतिपूर्ति का दावा करने; तथा

(घ) कार्यालय तथा आवास पर इन्टरनैट सुविधा लेने, के हकदार होंगे ।

(2) आयोग अपने कृत्यों के प्रभावी व दक्ष संचालन को सुनिश्चित करने हेतु अपने अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए यथोचित वास सुविधा की व्यवस्था करेगा या निजी मकान किराये पर ले कर देगा ।

16. **केन्द्रीय सरकार के नियमों का लागू होना.**—(1) केन्द्रीय सरकार के निम्न नियम, जिन्हें राज्य सरकार, अपनाये, आयोग में, चाहे प्रतिनियुक्ति पर या स्थायी आमेलित नियुक्ति पर या संविदात्मक नियुक्ति पर या सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त सेवारत कर्मचारियों को लागू समझे जाएंगें :—

(क) सैन्ट्रल सिविल सर्विस (कन्ट्रोल, क्लासीफिकेशन एण्ड अपील) रूल्ज़ ;

(ख) सैन्ट्रल सिविल सर्विस (कन्डक्ट) रूल्ज़;

(ग) सैन्ट्रल सिविल सर्विस (लीव) रूल्ज़;

(घ) सैन्ट्रल सर्विस (मैडिकल अटैंडेन्टस) रूल्ज़;

(ङ) सैन्ट्रल सिविल सर्विस (संविदात्मक नियुक्त व्यक्तियों के अतिरिक्त) ;

(च) फन्डामैन्टल रूल्ज़ और स्पलीमैंट्री रूल्ज़ ;

(छ) जनरल प्रोविडैन्ट फण्ड रूल्ज़/कन्ट्रीब्यूट्री प्रोविडैन्ट फण्ड रूल्ज़;

(ज) टैम्परेरी गवर्नमेंट सर्वेन्ट रूल्ज़ (उन व्यक्तियों को छोड़ जिन्हें आयोग सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त करता है और परिवीक्षा पर रखे जाते हैं और जो संविदात्मक आधार पर नियुक्त किये जायें) ; तथा

(झ) आयोग के कर्मचारियों को (क) से (ज) में निर्दिष्ट नियम यथावश्यक परिवर्तन सहित लागू होंगे, परन्तु अधिवर्षिता आयु आयोग के स्थायी अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए 60 वर्ष होगी और जो व्यक्ति संविदात्मक आधार पर नियुक्त किए जाते हैं, उनके लिये 70 वर्ष होगी ।

17. आचरण:—(1) आयोग का प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी सदा अपने कर्तव्य के प्रति आत्यांतिक सत्यनिष्ठा एवं निरंतता बरकरार रखेगा ।

(2) आयोग का अधिकारी/कर्मचारी कोई भी ऐसा काम नहीं करेगा जो आयोग में सुव्यवस्था और अनुशासन पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला हो ।

(3) यहां तक वे आयोग द्वारा बनाये गये विनियमों के असंगत न हो ऐसे नियम और आदेश जो तत्समय प्रवृत्त हों तथा राज्य सरकार के कर्मचारियों को लागू किये गये हों यथावश्यक परिवर्तन सहित आयोग के अधिकारियों/कर्मचारियों को लागू होंगे ।

18. व्यावृत्तियां—इन विनियमों के प्रारम्भ से पूर्व आयोग द्वारा की गई कोई नियुक्ति या कोई बात या की गई कार्रवाई, इन विनियमों के अधीन विधिमान्यतः की गई समझी जाएगी और अधिकारी तथा कर्मचारी इन विनियमों के अधीन नियुक्त किए गये समझे जाएंगें तथा वे एक वर्ष तक या उनकी विद्यमान नियुक्ति की अवधि के अवसान तक, जो भी कम हो, अपने पद उन्हीं निबन्धनों व शर्तों, जिन पर नियुक्त किये गये थे, पर अपने पद धारित करते रहेंगे तथा तत्पश्चात् ऐसी नियुक्तियां इन विनियमों के अधीन की जाएगीं ।

19. कठिनाईयों को दूर करना.— यदि इन विनियमों के उपबन्धों को प्रभावी करने में कोई कठिनाई उत्पन्न होती है, तो आयोग राज्य सरकार के अनुमोदन से, ऐसे लिखित आदेश द्वारा, ऐसे उपबन्धित कर सकेगी, जो कठिनाई को दूर करने के लिए आवश्यक प्रतीत हों ।

आयोग के आदेश द्वारा,
हस्ताक्षरित/-
निदेशक (टी0 ई0),
हिमाचल प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग,
शिमला ।

अनुसूचि–I
[(विनियम 2(2) तथा 3 देखें)]

वेतनमान तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संख्या

क्रम संख्या	पदनाम	वेतनमान	स्वीकृति संख्या
1	2	3	4
	भाग–1 अधिकारी		
1.	आयोग का सलाहकार	आयोग द्वारा परकाभ्य	1
2.	सचिव	18600—23100	1
3.	कार्यपालक निदैशक	18600—23100	3
4.	निदेशक	15800—21100	4
5.	संयुक्त निदेशक	13500—16800	2
6.	उप-निदेशक	12500—19100	13

1	2	3	4
7.	उप-सचिव (कार्मिक एवं प्रशासन)	12900 — 16700	1
8.	कार्मिक एवं प्रशासनकि अधिकारी (जो आगे को अवर सचिव पदनामित किया जाएगा)	10700—15350	1
9.	वरिष्ठ लेखा अधिकारी	10700 — 15350	1
10.	वरिष्ठ निजि सचिव	10700—15350	1
11.	वरिष्ठ विधि अधिकारी (न्यायिक)	10700 — 15350	1
12.	वरिष्ठ विधि अधिकारी (हिन्दी)	10700—15350	1
13.	सोफ्टवेयर इंजिनियर	7750 — 14500 (8550 से प्रारम्भ)	1
14.	कार्यक्रमक	7750 — 14500 (8550 से प्रारम्भ)	1
15.	अनुभाग अधिकारी	7750—13300	1
16.	रीडर	7750—13300	1
17.	निजी सचिव	7750 - 13300	5

भाग–2 कर्मचारी

1.	पुस्तकालयाध्यक्ष	6750 — 11050	1
2.	निजि सहायक	7250—11400	7
3.	वरिष्ठ स्टेनोग्राफर एवं कम्पयुटर ओपरेटर	6750—11050	8
4.	लेखाकार	6750 — 11050	1
5.	वरिष्ठ सहायक एवं कम्पयुटर ओपरेटर	6300—10700	6
6.	खजांची	6300—10700	1
7	कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत)	6300 — 10700	1
8.	स्वागतकर्ता	3480—6500	1
9.	कनिष्ठ सहायक एवं कम्पयुटर ओपरेटर	4600—7250	2
10.	चालक	4600 — 7250	7
11.	अहलमद	3480—6500	1
12.	दफतरी	2930 — 5300	1
13.	जमादार/हवलदार	2930—5300	5
14.	चपड़ासी	2720 — 4775	8
15.	आदेशिका तामीलकर्ता	2720 — 4775	2

अधिकारियों व कर्मचारियों की भर्ती अर्हताएं, अनुभव तथा रीति

अनुसूची–II
(विनियम 5 देखें)

क्रमांक	पद नाम	वर्गीकरण	वेतनमान	पद संख्या	भर्ती पद्धति	अपेक्षित/वांछनीय शैक्षणिक अर्हताएं	
						अपेक्षित अर्हताएं	वांछनीय अर्हताएं
1	2	3	4	5	6	7	8
1	आयोग का सलाहकार	वर्ग–1 (राजपत्रित)	आयोग द्वारा पराक्राभ्य	1	संविदा द्वारा	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि/अधिवक्ताओं, अकांउटैंटो तथा अभियन्ताओं के बारे में संबद्धवृतिक अर्हताएं ही न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएं होंगी ; (ख) उर्जा, विधि, वित्त प्रबन्धन, लेखा-वर्ग तथा अर्थशास्त्र के किसी क्षेत्र में उत्कृष्टता एवं अनुभव; (ग) लिखित व मौखिक संसूचन में उत्कृष्टता ।	(क) संबद्ध क्षेत्र में पी0 एच0 डी0 की उपाधि ; (ख) अवसंरचनात्मक सैक्टर जैसे विद्युत / दूरसंचार पतन (पोर्ट)/सड़कें/तैल इत्यादि में विनियामिक काम का अनुभव ; (ग) क्षेत्र में श्रेष्ठता
2	सचिव	वर्ग–1 (राजपत्रित)	18600-500-23100	1	प्रतिनियुक्ति या स्थाई आमेलन या सीधी भर्ती या संविदा द्वारा ।	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि या कम्पनी सचिव; (ख) अधिकारी, जो सदृश पदधारक हो या 15,800-21100 के वेतनमान में किसी	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एम0 बी0 ए0 की उपाधि ; (ख) सरकारी संगठन में कार्यकरण अनुभव ;

1	2	3	4	5	6	7	8
						पद पर 3 वर्ष की नियमित सेवा पूरा कर चुका हो; या भारतीय प्रशासनिक सेवा में 10 वर्ष का सेवा काल पूरा कर चुका हो ; या हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा में 15 वर्ष का सेवा काल पूरा कर चुका हो ; (ग) जटिल कार्यों के प्रबन्धन की प्रशासनिक योग्यता ; (घ) प्रभावी कम्प्यूटर कुशलता एवं साक्षरता ; (ङ) लिखित तथा मौखिक संसूचन में उत्कृष्टता ।	(ग) प्रशासनिक ज्ञान या किसी उद्योग या किसी विनियामक निकाय या न्यायिक निकाय में विनियामक काम का अनुभव;
क: तकनीकी विश्लेषण प्रभाग :							
3	कार्यपालक निदेशक (तकनीकी विश्लेषण)	वर्ग–1 (राजपत्रित)	18600-500-23100	1	प्रति नियुक्ति या स्थाई आमेलन या सीधी भर्ती द्वारा ।	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विद्युत/ऊर्जा इंजीनियरी में स्नातक या संविदा या इसके समकक्ष उपाधि; (ख) 15 वर्ष का इंजीनियरी अनुभव,	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विद्युत/ऊर्जा इंजीनियरी में स्नातकोत्तर उपाधि या उर्जा प्रबन्धन में एम0 बी0 ए0 की उपाधि; (ख) विद्युत टैरिफ

					जिसमें कम से कम किसी बड़ी लोकोपयोगिता में विद्युत उत्पादन, पारेषण तथा वितरण सुसाध्यतायों में प्रबंधिक स्तर पर 5 (पांच) वर्ष का अनुभव हो ; (ग) सदृश पद पर उपरोक्त अनुभव रखने वाले कार्यरत अधिकारी या उपरोक्त अनुभव रखने वाले ऐसे व्यक्ति जिसने 15800–21100 के वेतनमान में किसी पद पर या उसके समकक्ष पद पर 3 वर्ष की नियमति सेवा की हो; (घ) प्रभावी कम्प्युटर कुशलता एवं साक्षरता ; (ङ) लिखित तथा मौखिक संसूचन में उत्कृष्टता ।	वाणिज्य विवादको तथा विद्युत क्रय, करारों के सम्बन्ध में अनुभव; (ग) विकसित एवं विकासशील देशों में विद्युत उपयोगिताओं के काम काज के अभिदर्शन का अनुभव; (घ) आर्थिक एवं वित्तीय नियमन में अनुभव या प्रशिक्षण; (ङ) प्रतिरूपन विश्लेषण में प्रदर्शित क्षमता ।	
4	निदेशक (पारेषण एवं वितरण)	वर्ग–1 (राजपत्रित)	15800–450–17600–500–21100.	1	प्रति नियुक्ति या स्थाई आमेलन या सीधी भर्ती या संविदा द्वारा ।	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विद्युत/ऊर्जा इंजीनियरी में स्नातक या उसके समकक्ष उपाधि; (ख) 12 वर्ष का इंजीनियरी अनुभव, जिसमें कम से कम	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विद्युत/उर्जा इंजीनियरी में स्नातकोत्तर उपाधि या ऊर्जा प्रबन्धन में एम0 बी0 ए0 की उपाधि; (ख) किसी विद्युत

1	2	3	4	5	6	7	8
						किसी बड़ी लोकोपयोगिता विद्युत उत्पादन पारेषण तथा वितरण सुसाध्यतायों में प्रबन्धिक स्तर पर 5 (पांच) वर्ष का अनुभव हो ; (ग) सदृश पद पर उपरोक्त अनुभव रखने वाले कार्यरत अधिकारी या उपरोक्त अनुभव रखने वाले ऐसे व्यक्ति जिसने 12500–19100 के वेतनमान में किसी पद पर या उसके समकक्ष पद पर 5 वर्ष की नियमित सेवा की हो; (घ) प्रभावी कम्पयुटर कुशलता; (ङ) लिखित तथा मौखिक संसूचन में उत्कृष्टता ।	उपयोगिता में विद्युत पारेषण तथा वितरण तन्त्र के डिजाइन; निर्माण, प्रचालन तथा अनुरक्षण का अनुभव; (ग) विद्युत टैरिफ, वाणिज्य विवाधकों तथा विद्युत क्रय करारों के सम्बन्ध में अनुभव; (घ) विकसित एवं विकासशील देशों में विद्युत उपयोगितायों के काम काज के अभिदर्शन का अनुभव ; (ङ) आर्थिक एवं वित्तीय नियमन में अनुभव अथवा प्रशिक्षण; (च) प्रतिरूपण विश्लेषण में प्रदर्शित क्षमता ।
5	उपनिदेशक (पारेषण)	वर्ग–1 (राजपत्रित)	12500–400–14900–450–17600–500–19100.	1	प्रतिनियुक्ति या स्थाई आमेलन या सीधी भर्ती या संविदा द्वारा ।	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विद्युत/ऊर्जा इंजीनियरी में स्नातक या उसके समकक्ष उपाधि; (ख) किसी बड़ी विद्युत उपयोगिता में विद्युत उत्पादन, पारे-	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विद्युत /ऊर्जा इंजीनियरी में स्नातकोत्तर उपाधि या ऊर्जा प्रबन्धन में एम0 बी0 ए0 की उपाधि; (ख) किसी विद्युत

					षण तथा वितरण सुसाध्यतायों का 5 (पांच) वर्ष का अनुभव हो; (ग) सदृश पद पर उपरोक्त अनुभव रखने वाले कार्यरत अधिकारी या उपरोक्त अनुभव रखने वाले ऐसे व्यक्ति जिसने (प्रारम्भिक 8850-सहित) 7750-14500 या उसके समतुल्य वेतनमान वाले किसी पद पर केन्द्रीय सरकार पब्लिक सैक्टर उपक्रम या राज्य सरकार पब्लिक सैक्टर उपक्रम/केन्द्रीय/राज्य सरकार में, 5 वर्ष की नियमति सेवा की हो ; (घ) प्रभा वीकम्प-यूटर कुशलता; (ङ) लिखित तथा मौखिक संसूचन में उत्कृष्टता ।	उपयोगिता में विद्युत पारेषण तथा वितरण तन्त्र के डिजाईन, निर्माण, प्रचालन तथा अनुरक्षण का अनुभव; (ग) विद्युत उद्योग में अनुज्ञापन, आर्थिक तथा वित्तीय काम का ज्ञान ; (घ) विद्युत टैरिफ विवादकों से सुपरिचय ।	
6.	उप-निदेशक (विद्युत वितरण)	वर्ग–1 (राजपत्रित)	12500–400–14900–450–17600–500–19100	1	प्रति नियुक्ति या स्थाई आमेलन या सीधी भर्ती या संविदा द्वारा ।	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विद्युत/ऊर्जा इंजीनियरी में स्नातक या उसके समकक्ष उपाधि; (ख) किसी बड़ी विद्युत उपयोगिता में विद्युत उत्पादन, पारेषण तथा वितरण सुसाध्यतायों का 7	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विद्युत/ऊर्जा इंजीनियरी में स्नातकोत्तर उपाधि या ऊर्जा प्रबन्धन में एम0 बी0 ए0 की उपाधि; (ख) विद्युत उद्योग में अनुज्ञापन, आर्थिक तथा वित्तीय काम

1	2	3	4	5	6	7	8
						(सात) वर्ष का अनुभव; (ग) सदृश पद पर उपरोक्त अनुभव रखने वाले कार्यरत अधिकारी, या उपरोक्त अनुभव रखने वाले ऐसे व्यक्ति जिसने (प्रारम्भिक वेतन 8850/- सहित) 7750-14500 या उसके समतुल्य वेतनमान वाले किसी पद पर केन्द्रीय सरकार पब्लिक सैक्टर उपक्रम या राज्य सरकार पब्लिक सैक्टर उपक्रम/केन्द्रीय / राज्य सरकार में 5 (पांच) वर्ष की नियमित सेवा की हो ; (घ) प्रभावी कम्प्युटर कुशलता एवं साक्षरता ; (ड) लिखित तथा मौखिक संसूचन में उत्कृष्टता ।	का ज्ञान ; (ग) विद्युत वितरण तन्त्र, जिसमें विद्युत वितरण का वाणिज्य पहल (मीटरिंग, बिलिंग तथा संग्रहण इत्यादि) भी आता है के डिजाइन/योजना/प्रचालन तथा अनुरक्षण का अनुभव; (घ) विद्युत टैरिफ विवाधकों से सुपरिचय ।
7	उप-निदेशक (अनुज्ञापन तथा खुली पहुंच) ।	वर्ग-1 (राजपत्रित)	12500-400-14900-450-17600-500-19100.	1	प्रति नियुक्ति या स्थाई आमेलन या सीधी भर्ती या संविदा द्वारा ।	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय स विद्युत/ऊर्जा इंजीनियरी में स्नातक या उसके समकक्ष उपाधि; (ख) किसी बड़ी विद्युत उपयोगिता में	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विद्युत/ऊर्जा इंजीनियरी में स्नातकोत्तर उपाधि या ऊर्जा प्रबन्धन में एम0बी0 ए0 की उपाधि;

					विद्युत उत्पादन परेषण तथा वितरण सुसाध्यतायों का 7 (सात) वर्ष का अनुभव; (ग) सदृश पद पर उपरोक्त अनुभव रखने वाले कार्यरत अधिकारी या उपरोक्त अनुभव रखने वाले ऐसे व्यक्ति जिसने (प्रारम्भिक वेतन 8850/-सहित) 7750-14500 या उसके समतुल्य वेतनमान वाले किसी पद पर केन्द्रीय सरकार पब्लिक सैक्टर उपक्रम या राज्य सरकार पब्लिक सैक्टर उपक्रम/केन्द्रीय/राज्य सरकार में, 5 (पांच) वर्ष की नियमित सेवा की हो; (घ) प्रभावी कम्पयुटर कुशलता एवं साक्षरता; (ङ) लिखित तथा मौखिक संसूचन में उत्कृष्टता ।	(ख) भार (Load) पूर्वानुमान, संसाधन योजना, ऊर्जा उपापन, तथा प्रचालन पद्धति, विद्युत क्रय करार, न्यूनतम लागत की योजना तथा प्रेषण में अनुसूचाकरण अनुभव ; (ग) विद्युत व्यापार, अनुज्ञापन और आर्थिक तथा वित्तीय काम का ज्ञान ; (घ) वाणिज्य विवाधकों/विद्युत क्रय करारों, प्रतिरुपण विश्लेषण तथा विद्युत विधियों का अनुभव; (ङ) विद्युत टैरिफ विवाधकों से सुपरिचय ।	
8	निदेशक (विद्युत उत्पादन)	वर्ग–1 (राजपत्रित)	15800–450–17600–500–21100.	1	प्रतिनियुक्ति या स्थाई आमेलन या सीधी भर्ती या संविदा द्वारा	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विद्युत के ऊर्जा इंजीनियरी में स्नातक या उसके समकक्ष उपाधि; (ख) 12 वर्ष का इंजीनियरी अनुभव जिसमें किसी बड़ी विद्युत	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विद्युत/ऊर्जा इंजीनियरी में स्नातकोत्तर उपाधि या ऊर्जा प्रबन्धन में एम0 बी0 ए0 की उपाधि;

1	2	3	4	5	6	7	8
						उपयोगिता में प्रबन्धकीय स्तर पर विद्युत उत्पादन, पारेषण तथा वितरण सुसाध्यतायों का कम से कम 5 (पांच) वर्ष का अनुभव; (ग) सदृश पद पर उपरोक्त अनुभव रखने वाले कार्यरत अधिकारी; या उपरोक्त अनुभव रखने वाले ऐसे व्यक्ति जिसने 12500–19100 के वेतनमान में किसी पद पर, या उसके समकक्ष पद पर, 5 वर्ष की नियमित सेवा की हो; (घ) प्रभावी कम्प्युटर कुशलता; (ङ) लिखित तथा मौखिक संसूचन में उत्कृष्टता।	(ख) जल-विद्युत केन्द्रों के डिजाइन, निर्माण, प्रचालन तथा अनुरक्षण का अनुभव; (ग) विद्युत टैरिफ, वाणिज्य विवादकों तथा विद्युत क्रय करारों के सम्बन्ध में अनुभव; (घ) विकसित एवं विकासशील देशों में विद्युत उपयोगिताओं के काम काज के अभिदर्शन का अनुभव; (ङ) आर्थिक एवं वित्तीय नियमन में अनुभव अथवा प्रशिक्षण; (च) प्रतिरूपण विश्लेषण में प्रदर्शित क्षमता।
9.	उप-निदेशक (विद्युत उत्पादन)	वर्ग–1 (राजपत्रित)	12500–400–14900–450–17600–500–19100.	1	प्रतिनियुक्ति या स्थाई आमेलन या सीधी भर्ती या संविदा द्वारा।	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विद्युत/ऊर्जा इंजीनियरी में स्नातक या उसके समकक्ष उपाधि;	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विद्युत/ऊर्जा इंजीनियरी में स्नातकोत्तर उपाधि या ऊर्जा प्रबन्धन में एम0 बी0 ए0 की उपाधि;

					(ख) किसी बड़ी विद्युत उपयोगिता में विद्युत उत्पादन, पारेषण तथा वितरण सुसाध्यतायों का 7 (सात) वर्ष का अनुभव;	(ख) जल-विद्युत पलांट के डिजाइन, योजना, प्रचालन तथा अनुरक्षण का अनुभव;	
					(ग) सदृश पद पर उपरोक्त अनुभव रखने वाले कार्यरत अधिकारी; या उपरोक्त अनुभव रखने वाले ऐसे व्यक्ति जिसने (प्रारम्भिक वेतन 8850/- सहित) 7750–14500 या उसके समतुल्य वेतन-मान में केन्द्रीय सरकार पब्लिक सैक्टर उपक्रम या राज्य सरकार पब्लिक सैक्टर उपक्रम/ केन्द्रीय/राज्य सरकार में 5 (पांच) वर्ष की नियमित सेवा की हो;	(ग) तकनीकी आर्थिक साध्यता रिपोर्टों के बनाने, लागत प्राक्कलन परियोजना प्रबन्धन विद्युत क्रय करारतथा नवीनकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों का अनुभव;	
						(घ) वाणिज्य विवादकों/विद्युत क्रय करारों. प्रतिरूपण. विश्लेषण तथा विद्युत विधियों का अनुभव;	
					(घ) प्रभावी कम्प-युटर कुशलता एवं साक्षरता;	(ङ) विद्युत टैरिफ विवादकों से सुपरिचय ।	
					(ङ) लिखित तथा मौखिक संसूचन में उत्कृष्टता ।		
10	उप-निदेशक (सह-उत्पादन तथा नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोत)	वर्ग–1 (राजपत्रित)	12500–400–14900–450–17600–500–19100.	1	प्रतिनियुक्ति या स्थाई आमेलन या सीधी भर्ती या संविदा द्वारा ।	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विद्युत/ऊर्जा इंजीनियरी में स्नातक या उसके समकक्ष उपाधि;	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विद्युत/ऊर्जा इंजीनियरी में स्नातकोत्तर उपाधि या ऊर्जा प्रबन्धन में

1	2	3	4	5	6	7	8
						(ख) किसी बड़ी विद्युत उपयोगिता में विद्युत उत्पादन, पारेषण तथा वितरण सुसाध्यतायों का 7 (सात) वर्ष का अनुभव ; (ग) सदृश पद पर उपरोक्त अनुभव रखने वाले कार्यरत, अधिकारी; या उपरोक्त अनुभव रखने वाले ऐसे व्यक्ति जिसने (प्रारम्भिक वेतन 8850/- सहित) 7750–14500 या उसके समतुल्य वेतनमान में केन्द्रीय सरकार पब्लिक सैक्टर उपकम या राज्य सरकार पब्लिक सैक्टर उपक्रम/ केन्द्रीय/ राज्य सरकार में 5 (पांच) वर्ष की नियमित सेवा की हो; (घ) प्रभावी कम्प्यूटर कुशलता एवं साक्षरता; (ङ) लिखित तथा मौखिक संसचन में उत्कृष्टता ।	एम0 बी0 ए0 की उपाधि; (ख) जल-विद्युत प्लांट के डिजाईन, योजना, प्रचालन तथा अनुरक्षण का अनुभव ; (ग) तकनीकी आर्थिक साध्यता रिपोर्ट बनाने लागत प्राक्कलन, परियोजना प्रबन्धन, विद्युत क्रय करार तथा नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों का अनुभव; (घ) वाणिज्य विवाधकों/विद्युत क्रय करारों प्रतिरूपण विश्लेषण तथा विद्युत विधियों का अनुभव; (ङ) विद्यत टैरिफ विवाधकों से सुपरिचय ।
11	उप-निदेशक (व्यापार)	वर्ग–1 (राजपत्रित)	12500–400–14900–450–17600–500–	1	प्रतिनियुक्ति या स्थाई आमेलन या	(क) मान्यता प्राप्त विवश्वविद्यालय से विद्युत/ऊर्जा इंजीनियरी	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विद्युत/ऊर्जा इंजीनियरी

19100.	सीधी भर्ती या संविदा द्वारा ।	में स्नातक या उसके समकक्ष उपाधि; (ख) किसी बड़ी विद्युत उपयोगिता में विद्युत उत्पादन, पारेषण तथा वितरण सुसाध्यताओं का 7 (सात) वर्ष का अनुभव; (ग) सदृश पद पर उपरोक्त अनुभव रखने वाले कार्यरत अधिकारी या उपरोक्त अनुभव रखने वाले ऐसे व्यक्ति जिसने (प्रारम्भिक वेतन 8850/- सहित) 7750—14500 या उसके समतुल्य वेतन-मान वाले किसी पद पर केन्द्रीय सरकार पब्लिक सैक्टर उपक्रम या राज्य सरकार पब्लिक सैक्टर उपक्रम/केन्द्रीय/राज्य सरकार में, 5 (पांच) वर्ष की नियमित सेवा की हो; (घ) प्रभावी कम्पयुटर कुशलता एवं साक्षरता; (ङ) लिखित तथा मौखिक संसूचन में उत्कृष्टता ।	में स्नातकोत्तर उपाधि या ऊर्जा प्रबन्धन में एम0 बी0 ए0 की उपाधि ; (ख) भार प्रेषण केन्द्र या अंतरराज्यिक ऊर्जा क्रय/विक्रय का अनुभव ।	

1	2	3	4	5	6	7	8
(ख)	**टैरिफ तथा वित्तीय विश्लेषण प्रभाग :**						
12.	कार्यपालक निदेशक (टैरिफ तथा वित्तीय विशलेषण) ।	वर्ग-1 (राजपित्रत) ।	18600-500-23100.	1	प्रतिनियुक्ति या स्थाई आमेलन या सीधी भर्ती या संविदा द्वारा ।	(क) किसी मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र या वित्त या वाणिज्य में स्नातकोत्तर उपाधि या चार्टर्ड एकाउंटैंट, या विद्युत/ऊर्जा इंजीनियरिंग में बी0 ई0/बी0 टैक की उपाधि; (ख) वृत्तिक अर्थ-शास्त्री या वित्त विशे-षज्ञ के रूप में या व्यावसायिक/इंजीनियरिंग में 15 वर्ष का अनुभव, जिसमें किसी बड़ी विद्युत उपयोगिता में विद्युत उत्पादन पारेषण तथा वितरण सुसाध्याताओं में प्रबंध-कीय स्तर पर कम से कम 5 (पांच) वर्ष का अनुभव हो ; (ग) सदृश पद पर उपरोक्त अनुभव रखने वाले कार्यरत अधिकारी, या उपरोक्त अनुभव रखने वाले ऐसे व्यक्ति जिसने 15800—21100 के	(क) अर्थशास्त्र या वित्त में पी0 एच0 डी0 की उपाधि या किसी मान्यता प्राप्त विश्व-विद्यालय से विद्युत/ऊर्जा इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर की उपाधि या ऊर्जा प्रबन्धन में एम0 बी0 ए0 की उपाधि; (ख) विद्युत टैरिफ, वाणिज्य विवाधकों तथा विद्युत क्रय करारों के सम्बन्ध में अनुभव ; (ग) विकसित एवं विकासशील देशों में विद्युत उपयोगिताओं के कामकाज का अनुभव तथा उसके अभिदर्शन करने की योग्यता । (घ) आर्थिक तथा वित्तीय नियमन में अनुभव या प्रशिक्षण; (ङ) प्रतिरूपण विश्लेषण में प्रदर्शित क्षमता ।

						वेतनमान में किसी पद पर या उसके समकक्ष पद पर 5 वर्ष की नियमित सेवा की हो ; (घ) ऊर्जा क्षेत्र उपयोगिताओं में टैरिफ निपटान का अनुभव ; (ङ) लेखा-बही संवेष्टन (पैकेज) प्रभावी काम्प्यूटर कुशलता एवं साक्षरता ; (च) लिखित तथा मौखिक संसूचन में उत्कृष्टता ।	
13.	निदेशक टैरिफ (इंजीनियरिंग) ।	वर्ग-1 (राजपत्रित) ।	15800-450-17600-500-21100.	1	प्रतियुक्ति या स्थायी आमेलन या सीधी भर्ती या संविदा द्वारा ।	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विद्युत/ऊर्जा इंजीनियरिंग में स्नातक या उसके समकक्ष उपाधि; (ख) 12 वर्ष का इंजीनियरी अनुभव, जिसमें किसी बड़ी विद्युत उपयोगिता में प्रबन्धकीय स्तर पर विद्युत उत्पादन, पारेषण तथा वितरण सुसाध्यताओं का कम से कम 5(पांच) वर्ष का अनुभव हो; (ग) सदृश पद पर उपरोक्त अनुभव रखने वाले कार्यरत अधिकारी	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विद्युत/ऊर्जा इंजीनियरी में स्नातकोत्तर उपाधि या ऊर्जा प्रबन्धन में एम0 बी0 ए0 की उपाधि; (ख) विकसित एवं विकासशील देशों में विद्युत उपयोगिताओं के काम-काज का अनुभव तथा उसके अभिदर्शन करने की योग्यता ; (ग) प्रतिरूपण विश्लेषण में प्रतिदर्शित क्षमता ;

1	2	3	4	5	6	7	8
						या उपरोक्त अनुभव रखने वाले ऐसे व्यक्ति जिसने किसी पब्लिक सैक्टर उपक्रम/केन्द्रीय/राज्य सरकार में 12500—19100 के वेतनमान में किसी पद पर या उसके समकक्ष पद पर 5 वर्ष की नियमित सेवा की हो ; (घ) टैरिफ अवधारण, वाणिज्य विवादकों तथा विद्युत क्रय करारों के सम्बन्ध में अनुभव ; (ङ) प्रभावी कम्प्यूटर कुशलता; (च) लिखित तथा मौखिक संसूचन में उत्कृष्टता ।	(घ) आर्थिक एवं वित्तीय नियमन में अनुभव अथवा प्रशिक्षण ।
14.	निदेशक (अर्थशास्त्र) टैरिफ ।	वर्ग-1 राजपत्रित ।	15800-450-17600-500-21100.	1	प्रतिनियुक्त या स्थायी आमेलन या सीधी भर्ती या संविदा द्वारा ।	(क) मान्यता प्राप्त संस्थान से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि; (ख) किसी बड़ी वाणिज्य संगठन (अधिमानत: विद्युत उद्योग में) किसी ज्येष्ठ अधिकारी के पद पर वृतक अर्थशास्त्री के रूप में 12 वर्ष का अनुभव ।	(क) अर्थशास्त्र में पी0 एच0 डी0 की उपाधि या उसके समकक्ष ; (ख) प्रतिरूपण/विश्लेषण तथा आर्थिक विश्लेषण में प्रदर्शित क्षमता ; (ग) विनियामक लेखा तथा साधारण व्यवसाय लेखा प्रक्रिया का अनुभव ।

					(ग) सदृश पद पर उपरोक्त अनुभव रखने वाले कार्यरत अधिकारी या उपरोक्त अनुभव रखने वाले ऐसे व्यक्ति जिसने किसी पब्लिक सैक्टर उपक्रम/अथवा केन्द्रीय/राज्य सरकार में 12500—19100 के वेतनमान में किसी पद पर या उसके समकक्ष पद पर 5 वर्ष की नियमित सेवा की हो ; (घ) ऊर्जा सैक्टर उपयोगिताओं में टैरिफ अवधारण का अनुभव; (ङ) प्रभावी कम्प्यूटर कुशलता ; (च) लिखित तथा मौखिक संसूचन में उत्कृष्टता ।		
15.	निदेशक टैरिफ (वित्त)	वर्ग-1 राजपत्रित ।	15800-450-17600-500-21100.	1	प्रतिनियुक्ति या स्थायी आमेलन या सीधी भर्ती या संविदा द्वारा ।	(क) मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से वित्त में स्नातकोत्तर उपाधि; (ख) किसी बड़ी वाणिज्य संगठन (अधिमानता विद्युत उद्योग में) किसी ज्येष्ठ, अधिकारी के पद पर	(क) वित्त में पी0 एच0 डी0 की उपाधि या उसके समकक्ष; (ख) प्रतिरूपण/विश्लेषण तथा आर्थिक विश्लेषण में प्रदर्शित क्षमता;

1	2	3	4	5	6	7	8
						वित्त सलाहकार अथवा विश्लेषक के रूप में 12 वर्ष का अनुभव; (ग) सदृश पद पर उपरोक्त अनुभव रखने वाले कार्यरत अधिकारी या उपरोक्त अनुभव रखने वाले ऐसे व्यक्ति जिसने केन्द्रीय पब्लिक सैक्टर अथवा केन्द्रीय/राज्य सरकार में 12500—19100 या उसके समकक्ष वेतनमान वाले किसी पद पर 5 (पांच) वर्ष की नियमित सेवा की हो; (घ) ऊर्जा सैक्टर उपयोगिताओं में टैरिफ अवधारण का अनुभव; (ङ) प्रभावी कम्प्यूटर कुशलता; (च) लिखित तथा मौखिक संसूचन में उत्कृष्टता।	(ग) विनियामक लेखा तथा साधारण व्यवसाय लेखा प्रक्रिया का अनुभव।
16.	उप-निदेशक टैरिफ (इंजीनियरिंग)।	वर्ग-1 राजपत्रित।	12500-400-14900-450-	1	प्रतिनियुक्ति या स्थायी आमेलन।	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से

17600-500-19100.	या सीधी भर्ती या संविदा द्वारा ।	विद्युत/ऊर्जा इंजीनियरी में स्नातक या उसके समकक्ष उपाधि ; (ख) किसी बड़ी विद्युत उपयोगिता में विद्युत उत्पादन पारेषण तथा वितरण सुसाध्यताओं का 7 (सात) वर्ष का अनुभव ; (ग) सदृश पद पर उपरोक्त अनुभव रखने वाले कार्यरत अधिकारी या उपरोक्त अनुभव रखने वाले ऐसे व्यक्ति जिसने (प्रारम्भिक वेतन 8850/- सहित) 7750--14500 या उसके समतुल्य वेतनमान में केन्द्रीय सरकार पब्लिक सैक्टर उपक्रम/केन्द्रीय/राज्य सरकार में 5 (पांच) वर्ष की नियमित सेवा की हो ; (घ) टैरिफ अवधारण, वाणिज्य विवाधकों तथा विद्युत क्रय करारों का अनुभव ; या विद्युत पारेषण तथा वितरण के प्रत्यक्ष परिचालन का अनुभव ;	विद्युत/उर्जा इंजीनीयरिंग में स्नातकोत्तर उपाधि या उर्जा प्रबन्धन में एम0 बी0 ए0 की उपाधि; (ख) आर्थिक तथा वित्तीय मामलों का ज्ञान; (ग) वाणिज्य विवाधकों, विद्युत क्रय करारों, प्रतिरूपण विश्लेषण तथा विद्युत विधियों का अनुभव ; (घ) विद्युत टैरिफ अवधारण विवाधकों से सुपरिचय ।	

1	2	3	4	5	6	7	8
						राज्य सरकार में 5 (पांच) वर्ष की नियमित सेवा की हो; (घ) ऊर्जा क्षेत्र उपयोगिताओं में टैरिफ अवधारण का अनुभव; (ङ) प्रभावी कम्प्यूटर कुशलता तथा साक्षरता ; (च) लिखित तथा मौखिक संसूचन में उत्कृष्टता ।	
(ग) **विधि प्रभाग :**							
19.	कार्यपालक निदेशक (विधि)	वर्ग-1 राजपत्रित ।	18600-500 23100.	1	प्रतिनियुक्ति या स्थायी आमेलन या सीधी भर्ती या संविदा द्वारा ।	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / विधि स्कूल से विधि की उपाधि; (ख) विधि व्यवसाय की पात्रता; (ग) विधिक मामलों के निपटाने का 15 वर्ष का व्यवसायिक अनुभव; या (घ) सदृश पद पर कार्यरत अधिकारी या ऐसे अधिकारी जिन्होंने 16750-400-19150-450-21850-500-22850 के वेतनमान में किसी पद पर 2 वर्ष की नियमित सेवा की हो या	(क) विधि में स्नातकोत्तर उपाधि; (ख) विनियामक विधि/प्रक्रिया का समुचित ज्ञान ; (ग) विधिक परामर्श देने तथा अधिनियमों विनियमों तथा विधियों के निर्वचन एवं प्रारूपण करने का अनुभव ; (घ) अधिनियमों, नियमों तथा विनियमों इत्यादि के हिन्दी पाठ तैयार, अनुमोदित तथा अधिप्रमाणित करने का अनुभव ; (ङ) विधान सभा प्रक्रिया एवं कारबार

					उपरोक्त अनुभव रखने वाले व्यक्ति जिन्होंने 15800—21100 या उसके समतुल्य वेतनमान के किसी पद पर 3 वर्ष की नियमित सेवा की हो; (ङ) लिखित तथा मौखिक संसूचन में उत्कृष्टता तथा प्रशासनिक संविदा तथा वाणिज्य विधि का विशेष ज्ञान।	संचालन नियमों, विशेषतया विधान सभा पटल पर नियमों एवं विनियमों तथा वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट, को रखने सम्बन्धी नियमों का ज्ञान ; (च) कम्पयूटर साक्षरता ;	
20.	संयुक्त निदेशक (न्यायिक)	वर्ग-1 राजपत्रित	13500-400-15900-450-16800.	1	प्रतिनियुक्ति या स्थायी आमेलन या सीधी भर्ती या संविदा द्वारा।	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / विधि स्कूल से विधि की उपाधि; (ख) विधि व्यवसाय की पात्रता; (ग) किसी केन्द्रीय/राज्य सरकार या पब्लिक सैक्टर उपक्रम में विधिक मामलों के निपटाने का 12 वर्ष अनुभव; (घ) सदृश पद या उसके समकक्ष पद पर कार्यरत अधिकारी या ऐसे अधिकारी जिन्हें 10025—15100 के वेतनमान में या उसके समतुल्य वेतनमान के किसी पद पर 5 वर्ष का अनुभव हो ; (ङ) लिखित तथा	(क) विधि में स्नातकोत्तर उपाधि; (ख) विनियामक विधि / प्रक्रिया का समुचित ज्ञान; (ग) केन्द्रीय / राज्य सरकार या पब्लिक सैक्टर उपक्रम में सदृश पद पर विधिक मामलों का विशेषतया विधिक परामर्श देने तथा अधिनियमों, विनियमों, विधान तथा वाणिज्यिक करारों तथा दस्तावेजों का निर्वचन एवं प्रारूपण करने का अनुभव; (घ) कम्पयूटर साक्षरता।

1	2	3	4	5	6	7	8
						मौखिक संसूचन में उत्कृष्टता ।	
21.	संयुक्त निदेशक (परामर्श एवं प्रारूपण) ।	वर्ग-1 राजपत्रित ।	13500-400-15900-450-16800.	1	प्रतिनियुक्ति या स्थायी आमेलन या सीधी भर्ती या संविदा द्वारा ।	(क) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/विधि स्कूल से विधि की उपाधि; (ख) विधि व्यवसाय की पात्रता : (ग) केन्द्रीय/ राज्य सरकार या पब्लिक सैक्टर उपक्रम में विधिक मामलों के निपटाने का 2 वर्ष का अनुभव ; (घ) किसी केन्द्रीय पब्लिक सैक्टर उपक्रम/ राज्य पब्लिक सैक्टर उपक्रम या केन्द्र/राज्य सरकार में सदृश पद पर कार्यरत अधिकारी या ऐसे अधिकारी जिसे 10025--15100 या उसके समतुल्य वेतन-मान के पद पर 2 वर्ष का व्यावसायिक अनुभव हो; (ङ) लिखित तथा मौखिक संसूचन में उत्कृष्टता;	(क) विधि में स्नातकोत्तर उपाधि; (ख) विनियामक विधि/प्रक्रिया का समुचित ज्ञान ; (ग) विशेषतया विद्युत सैक्टर में सुधारों का ज्ञान तथा अनुभव; (घ) केन्द्रीय/राज्य सरकार या पब्लिक सैक्टर उपक्रम में सदृश पद पर विधिक मामलों का विशेषतया: विधिक परामर्श देने तथा अधिनियमों, विनियमों, विधान का निर्वचन एवं प्रारूपण का अनुभव; (ङ) विधेयकों, नियमों, विनियमों, वाणिज्यक करारों/ दस्तावेजों को बनाने तथा उनका विधिक परीक्षण करने तथा उनके हिन्दी पाठों को अधिप्रमाणित करने का अनुभव ; (च) विधान सभा प्रक्रिया एवं कारबार

					संचालन नियमों का ज्ञान ; (छ) कम्प्यूटर साक्षरता ।		
22.	वरिष्ठ विधि अधिकारी (न्यायिक) ।	वर्ग-I राजपत्रित	10700-350-12100-400-14900-450-153500.	1	प्रतिनियुक्ति या स्थायी आमेलन या सीधी भर्ती या संविदा द्वारा ।	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ विधि स्कूल से विधि की उपाधि ; (ख) विधि व्यवसाय की पात्रता ; (ग) विधि व्यवसाय में कम से कम 7 वर्ष का का अनुभव ; (घ) किसी केन्द्रीय पब्लिक सैक्टर/उपक्रम/ राज्य पब्लिक सैक्टर उपक्रम या केन्द्र/ राज्य सरकार में सदृश पर पद पर कार्यरत अधिकारी या केन्द्रीय/ राज्य सरकार या विधि संकाय/पब्लिक सैक्टर उपक्रम के अधीन जिला उप-न्यायवादी अथवा जिला सहायक न्याय-वादी के रूप में 5 वर्ष का अनुभव, या उपरोक्त अनुभव वाला 7220—11660 अथवा उसके समतुल्य वेतनमान में कार्यरत अधिकारी ; (ङ) लिखित तथा मौखिक संसूचन में उत्कृष्टता ;	(क) विनियामक विधि का अनुभव; (ख) विद्युत क्षेत्र में प्रदर्शित ज्ञान अथवा अनुभव ; (ग) मुकद्दमों की पैरवी का अनुभव ; (घ) संविदा अथवा प्रशासनिक विधि का अनुभव ; (ङ) हिन्दी का ज्ञान ।

1	3	3	4	5	6	7	8
						(च) कम्प्यूटर साक्षरता ।	
23.	वरिष्ठ विधि अधिकारी (प्रारूपण एवं राजभाषा) ।	वर्ग-I राजपत्रित	10700-350-12100-400-14900-450-15350 ।	1	प्रतिनियुक्ति या स्थायी आमेलन या सीधी भर्ती या संविदा द्वारा ।	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / विधि स्कूल से विधि की उपाधि ; (ख) राज्य/केन्द्रीय सरकार अथवा विधिक संस्था/पब्लिक सैक्टर उपक्रम में विधि अधिकारी के रूप में अधिनियमों, नियमों तथा विनियमों के प्रारूपण और विधिक परीक्षण करने तथा उनके राजभाषा पाठ तैयार करने का कम से कम 7 वर्ष का अनुभव ; (ग) किसी केन्द्रीय पब्लिक सैक्टर उपक्रम/राज्य पब्लिक सैक्टर उपक्रम या केन्द्र/राज्य सरकार में सदृश पद पर कार्यरत अधिकारी, या 7220—11660 या उसके समतुल्य वेतनमान के पद पर 5 वर्ष का अनुभव; (घ) लिखित तथा मौखिक संसूचन म उत्कृष्टता ;	(क) विनियामक विधि का अनुभव; (ख) विद्युत क्षेत्र में प्रदर्शित ज्ञान अथवा अनुभव; (ग) मुकद्दमों की पैरवी का अनुभव; (घ) संविदा अथवा प्रशासनिक विधि का का अनुभव ; (ङ) हिन्दी का ज्ञान; (च) विधियों (विधेयकों नियमों, विनियमों) के निर्वचन, तथा प्रारूपण तथा करारों/दस्तावेजों के प्रारूपण का विधिक अनुभव ।

24.	रीडर	वर्ग-I राजपत्रित	7750-250-8000-275-9100-300-10100-350-12100-400-13300.	1	प्रतिनियुक्ति या स्थायी आमेलन या सीधी भर्ती या संविदा द्वारा ।	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/विधि स्कूल से स्नातक की उपाधि ; (ख) सरकारी/न्यायिक/न्यायिक-कल्प संगठन में कम से कम 3 वर्ष का प्रशासनकि अथवा व्यवसाय अनुभव ; (ग) कम्प्यूटर साक्षरता ; (घ) हिन्दी व अंग्रेजी में लिखित एवं मौखिक संसचन में प्रवीणता ।	किसी उपयोगिता में अथवा विनियामक विधि में अनुभव ।

(घ) प्रशासनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग :

1. प्रशासनिक उप-प्रभाग :

25.	उप-सचिव (कार्मिक एवं प्रशासन) ।	वर्ग-I राजपत्रित	12900-400-14900-450-16700.	1	प्रतिनियुक्ति या स्थायी आमेलन या सीधी भर्ती या संविदा द्वारा ।	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि; के साथ कार्मिक प्रबन्धन एवं श्रम कल्याण/औद्योगिक सम्बन्ध में स्नातकोत्तर डिप्लोमा ;	(क) किसी राज्य/केन्द्रीय सरकार अथवा पब्लिक सैक्टर उपक्रम अथवा स्वायत निकाय में प्रबन्धकीय हैसियत में कार्मिक एवं प्रशासनिक मामलों में अनुभव ।
						(ख) सरकारी विभाग पब्लिक सैक्टर उपक्रम अथवा स्वायत निकाय में कार्यपालक/प्रशासनिक स्तर पर कार्मिक	(ख) कार्मिक एवं सेवा मामलों एवं प्रक्रिया का अच्छा ज्ञान ;

1	2	3	4	5	6	7	8
						प्रबन्धन तथा प्रशासनिक मामलों में 10 वर्ष का व्यावसायिक अनुभव ; (ग) उपरोक्त अनुभव सहित अधिकारी जो सदृश पद धारण कर रहा हो ; या अधिमानतः 10700 - 15350 या उसके समतुल्य वेतनमान के पद पर 5 वर्ष का अनुभव रखता हो ; (घ) कम्प्यूटर साक्षरता ।	(ग) कार्मिक एवं संसूचन में उत्कृष्टता ; (घ) एम0बी0ए0 अथवा विधि स्नातक उपाधि धारक अभ्यर्थी को अधिमान दिया जाएगा ।
26.	उप-निदेशक (संचार माध्यम)	वर्ग-I राजपत्रित 12500-400 :14900-450 17600-500 19100.	1	प्रतिनियुक्ति या स्थायी आमेलन या सीधी भर्ती या संविदा द्वारा ।	(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सम्बन्धित विषय जैसे, पत्रकारिता, जनसंचार में स्नातकोत्तर की उपाधि ; (ख) पत्रकारिता जनसंचार में 7 वर्ष का व्यावसायिक अनुभव ; (ग) सदृश पद धारक अधिकारी या 10700 - 15350 के वेतनमान वाले किसी पद पर 5 वर्ष का अनुभव या उपरोक्त अनुभव वाला समतुल्य पद धारक ; (घ) वित्तीय अथवा आर्थिक लेखन/विश्लेषण पृष्ठभूमि की जानकारी ;	(क) संचार माध्यम (प्रैस दूरदर्शन एवं बहुजन सम्पर्क) के कारबार में लगी हुई दो या अधिक फर्मों में दो वर्ष का प्रत्यक्ष अनुभव; (ख) विद्युत उद्योग की जानकारी ; (ग) निगमित निकायों तथा संगठनों की वार्षिक रिपोर्ट लिखने का अनुभव ।	

